दिनांक : 11.03.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज से दो दिवसीय मॉरीशस के दौरे पर। कल मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में होंगे शामिल।
- राज्य विधानसभा के बजट सत्र का आज दूसरा दिन। वित्तमंत्री आर्थिक सर्वेक्षण करेंगे पेश। कल आयेगा बजट।
- यूनियन कार्बाइड कचरे को जलाने का तीसरा ट्रायल रन पीथमपुर में जारी।
- इंदौर में रंगपंचमी पर एतिहासिक गेर का होगा आयोजन। गेर को यूनस्को की धरोहर सूची में शामिल करने के लिये प्रयास जारी।

समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री-मॉरीशस यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से मॉरीशस की दो दिन की यात्रा पर हैं। रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री ने कहा कि मॉरीशस एक करीबी समुद्री पड़ोसी, हिंद महासागर में एक प्रमुख साझेदार और अफ्रीकी महाद्वीप का प्रवेश द्वार है। श्री मोदी ने कहा कि दोनों देश इतिहास, भूगोल और संस्कृति से जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोकुल से मुलाकात करेंगे। श्री मोदी आज शाम एक सामुदायिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और बाद में मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन चंद्र रामगुलाम से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी कल मुख्य अतिथि के रूप में मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होंगे। भारतीय नौसेना के एक जहाज के साथ भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी समारोह में हिस्सा लेगी।

विधानसभा बजट सत्र

राज्य विधानसभा के बजट सत्र का आज दूसरा दिन है। आज उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए दूसरा अनुपूरक बजट पेश करेंगे। इसके साथ ही वर्ष 2025 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण भी सदन पटल पर रखा जाएगा। विधानसभा में कल राज्य सरकार बजट पेश करेगी। विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत कल राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण से हुई। आज इस पर भी विस्तार से चर्चा होगी।

लोकसभा-कर्मी

केंद्र सरकार ने कहा है कि ई-श्रम पोर्टल पर 30 करोड़ 68 लाख से अधिक असंगठित कर्मी पंजीकृत हो चुके हैं। यह पोर्टल असंगठित कर्मियों का व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए वर्ष 2021 में शुरू किया गया था। लोकसभा में कल एक प्रश्न के लिखित उत्तर में श्रम और रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि इनमें 53 प्रतिशत से अधिक महिलाएँ हैं। विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों की 13 योजनाओं को ई-श्रम पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है। इनमें पीएम-स्वनिधि, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना योजना शामिल हैं।

रेलवे संशोधन विधेयक

संसद ने रेलवे-संशोधन विधेयक 2024 पारित कर दिया है। विधेयक को कल राज्यसभा ने मंजूरी दी। विधेयक का उद्देश्य रेलवे अधिनियम 1989 में संशोधन कर रेलवे बोर्ड की शक्ति बढ़ाना और कार्यप्रणाली तथा स्वतंत्रता को बढ़ाना है। लोकसभा ने पिछले वर्ष ही इस विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कहा कि पिछले 11 वर्षों में 34 हजार नई पटरियां बिछाई गई हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि इस दौरान 45 हजार किलोमीटर रेल लाइन का विद्युतीकरण किया

गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने रेलवे और यात्री सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता दी है। रेल मंत्री ने कहा कि मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। श्री वैष्णव ने कहा कि वार्षिक रेल दुर्घटनाएं 171 से घटकर 30 रह गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इसे भी समाप्त करने के लिए और प्रयास कर रही है।

रंगपंचमी गेर

इंदौर में 19 मार्च को रंगपंचमी पर विश्व विख्यात रंगारंग गेर का आयोजन किया जाएगा। इस गेर के लिए जिला प्रशासन, पुलिस और आयोजकों की संयुक्त बैठक कल आयोजित की गयी। इसमें बताया गया कि गेर शहर में परम्परागत रूप से निर्धारित मार्गों से निकाली जायेगी। राधा-कृष्ण फाग यात्रा के साथ टोरी कार्नर, मारल क्लब, रसिया कार्नर, संगम कार्नर और जूनी इंदौर क्षेत्र से माधव फाग यात्रा निकलेगी। कलेक्टर आशीष सिंह ने गेर आयोजकों से कहा कि इंदौर की गौरवशाली परम्परा गेर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए आर्थिक मदद भी दी जायेगी। उन्होंने बताया गेर को यूनेस्कों की धरोहर सूची में शामिल करने का प्रयास जारी है। भारत सरकार के संस्कृति विभाग को आगामी कार्यवाही के लिए आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करा दिये गए हैं।

यूनियन कार्बाईड

भोपाल के यूनियन कार्बाईड के कचरे को जलाने का तीसरा ट्रायल रन कल से पीथमपुर में शुरु हो गया है। मेसर्स पीथमपुर इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट प्रायवेट लिमिटेड द्वारा संचालित इंसीनरेटर में कल शाम तृतीय चरण की फीडिंग प्रारम्भ की गई है जो लगातार 270 किलोग्राम प्रति घण्टे की दर से की जा रही है। अपशिष्ट के दहन के दौरान चिमनी से होने वाले उत्सर्जन की मॉनिटरिंग ऑनलाइन कंटीन्यूअस इमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम से की जा रही है।

महू स्थिति

इंदौर जिले के डॉ. अंबेडकर नगर महू में रविवार रात चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत की जीत के बाद निकल रहे जुलूस पर पथराव के बाद बनी विवाद की स्थिति पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है और यहां शांति बनी हुई है। कल दिनभर जिला प्रशासन और पुलिस की सख्ती से स्थिति नियंत्रण में है। डीआईजी इंदौर ग्रामीण निमिष अग्रवाल ने आकाशवाणी से चर्चा में कहा कि घटना के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

मूंग फसल कीटनाशक

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने किसानों से अपील की है कि वह ग्रीष्मकालीन मूंग में कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक दवाईयों का उपयोग कम करें। प्रदेश में लगभग 14.39 लाख हेक्टेयर में तीसरी फसल के रूप में मूंग की फसल ली जा रही है, जिसका उत्पादन 20.29 लाख मेट्रिक टन होता है। मुख्यतः नर्मदापुरम, जबलपुर एवं भोपाल संभाग में इसकी खेती की जाती है। इससे किसानों की आय में वृध्दि हुई है, परंतु इसमें कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक दवा का उपयोग अधिक किया जा रहा है। इन दवाओं के अंश मूंग फसल में शेष रह जाते हैं, जो कि सेहत के लिए हानिकारक हैं।

कृषि आंकड़े

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने 2024-25 के लिए प्रमुख फसलों की पैदावार का दूसरा अग्रिम आकलन जारी किया है। इसके अंतर्गत खरीफ खाद्यान्न का उत्पादन लगभग 1 हजार 664 लाख मीट्रिक टन रहने और रबी खाद्यान्न का उत्पादन 1 हजार 645 लाख मीट्रिक टन से अधिक होने का अनुमान है। इसी तरह वर्ष 1 हज़ार 206 लाख मीट्रिक टन से अधिक खरीफ चावल के उत्पादन का अनुमान जताया गया है। आंकड़े जारी करते हुए केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि तूअर दाल का उत्पादन 35 लाख 11 हजार मीट्रिक टन जबकि चने का उत्पादन 115 लाख 35 हजार मीट्रिक टन होने का आकलन किया गया है।

डब्ल्यूपीएल-क्रिकेट

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में कल रात मुम्बई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को नौ रन से हरा दिया। मुम्बई की ओर से दिये गए 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की टीम 170 रन पर सिमट गई।

इस प्रतियोगिता में मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ अपना अजेय रिकॉर्ड बनाए रखा है। दोनों टीमें डेल्ही कैपिटल्स के साथ प्लेऑफ़ में पहले ही अपना स्थान सुरक्षित कर चुकी हैं।

आज मुम्बई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में ही मुम्बई इंडियंस का सामना रॉयल चैलेंजर्स बैगलुरू से होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल ग्वालियर में स्वर्गीय माधवराव सिंधिया की 80वीं जयंती पर आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद रहे।
- मंडला में कल कलेक्ट्रेट में चुटका परमाणु विद्युत परियोजना के क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों के साथ लम्बित बिन्दुओं को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।
- शिवपुरी के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आईटीबीपी केंद्र के एक छात्र का मॉडल प्रस्ताव को इंस्पायर अवार्ड योजना 2024- 25 के चयनित कर पुरस्कृत किया गया है।
- गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने सभी अधिकारियों को शासन की मंशा को ध्यान में रखते हुए विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए है।
- खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कल साप्ताहिक समीक्षा बैठक में पीआईयू विभाग द्वारा संचालित निर्माणाधीन कार्यो की समीक्षा की और शेष कार्य को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।
- शिवपुरी जिले के ग्राम गुगर में बिजली चोरी के प्रकरण में विशेष न्यायाधीश ने एक आरोपी को दो वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

-------